संख्या 14@2089/2089/12-2-2014-बजट.2/2010

प्रेषक,

इन्द्रदेव पटेल,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 31 जुलाई, 2014

विषय: वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 4401-फसल कृषि कर्म पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनेत्तर से संबंधित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या: बी0ए0(1)297/वित्तीय स्वीकृति/2014-15 दिनांक 14 जुलाई, 2014 तथा शासन के पत्र संख्या 1513/12-2-2014-बजट 2/2010 दिनांक 30 मई, 2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 के अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 4401-फसल कृषि कर्म-पूजीगत परिव्यय-आयोजनेत्तर पक्ष में प्राविधानित धनराशि रू0 4407612 हजार (रूपये चार अरब चालिस करोड छिहत्तर लाख बारह हजार मात्र) के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 3005342 हजार (रूपये तीन अरब तिरपन लाख बयालिस हजार मात्र) की धनराशि संलग्न विवरण के अनुसार आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. यह भी सुनिश्चित किया जाये कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य योजना से स्वीकृत नहीं हुआ/हो रहा है। उक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग किसी भिन्न प्रयोजन के लिए किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।

3. शासकीय मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है। व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैन्डर्डस आफ फाईनेन्शियल प्रोपाइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाये।

4. मशीनों/उपकरणों का क्रय स्टोर पर्चेज रूल्स एवं संगत शासनादेशों तथा नियमों के अन्तर्गत वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

5. यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का प्रदेशन (एलाटमेंट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। व्यय करने के पूर्व यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

http://shasanadesh.up.nic.in

6. तत्संबंधी व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-11 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4401-फसल कृषि कर्म-पूंजीगत परिव्यय-आयोजनेत्तर(संलग्नक में उल्लिखित विवरण के अनुसार) के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाई के नामें डाला जायेगा।

7. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- बी-1-2457/दस-2014-231/2014 दिनांक 22 जुलाई, 2014 में प्राप्त निर्देशों के अधीन जारी किए जा रहे हैं जिसकी प्रति आपको भी पृष्ठांकित की गयी है।

<u>संलग्नक-</u> यथोपरि।

भवदीय,

इन्द्रदेव पटेल
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या- 14/2089 (1)/12-2-2014 तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट)'प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलहाबाद।
3. निदेशक, स्थानिक लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
4. वित्त नियंत्रक, कृषि भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. संबंधित कोषाधिकारी द्वारा कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-1/बजट अनुभाग-1/2/कृषि अनुभाग-5/नियोजन अनुभाग-3
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

इन्द्रदेव पटेल
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या: 14/2089/12-2-2014-बजट.2/2010 दिनांक 31 जुलाई, 2014 का संलग्नक

(धनराशि हजार रू0 में)

लेखाशीर्षक/योजना का नाम/ मानक मद	प्राविधान (2014-15)	स्वीकृत धनराशि
अनुदान संख्या-11		
4401-फसल कृषि कर्म पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनेत्तर		
103-बीज		
03-प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र प्रदर्शन और बीज वर्द्धन प्रक्षेत्र (जिला योजना)		
26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	4000	2667
योग- 03	4000	2667
04-आधारिक बीज भण्डार		
0401-खाद्यान्न/दलहन/तिलहन/बीज की लागत और प्रासंगिक व्यय		
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	3861112	2624075
योग- 0401	3861112	2624075
0402-बोरियों की लागत प्रासंगिक व्यय		
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	40000	26667
योग: 402	40000	26667
0403-कपास और विनौले के बीजों की लागत (प्रासंगिक व्यय सहित)		
42-अन्य व्यय	1000	933
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	1000	667
योग: 0403	2000	1600
योग: 04/103	3903112	2652342
105-खाद तथा उर्वरक		
03-देश में निर्मित रसायनिक उर्वरकों की लागत एवं प्रासंगिक व्यय		
42-अन्य व्यय	500	333
योग: 105	500	333
107-वनस्पति संरक्षण		
03-कीटनाशक औषधियों की खरीद की लागत जिसमें प्रासंगिक व्यय सम्मिलित है		
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	500000	350000
योग: 107	500000	350000
योग- 4401	**4407612**	**3005342**

(रूपये तीन अरब तिरपन लाख् बयालिस हजार मात्र)

इन्द्रदेव पटेल
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in